संक्षिप्त

दुपहिया वाहन चोरों को धर-दबोचा

जयपुर। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो वाहन चोरों को धर-दबोचा है और उनके पास से चुराए गए पांच दुपहिया वाहन(बाइक)भी जब्त किए गए है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों के खिलाफ पहले भी अलग-अलग कई थानों में 41 मामले दर्ज है। इसमें से एक आरोपित देई जिला बूंदी का एचएस है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले 27 वर्षीय राजु शर्मा निवासी देई जिला बूंदी हाल सांगानेर सदर जयपुर और 30 वर्षीय अजय धाकड निवासी बयाना जिला भरतपुर हाल मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चुराए गए पांच दुपहिया वाहन(बाइक) बरामद किए गए है। वहीं आरोपित राजू शर्मा देई थाना जिला बूंदी का हिस्ट्रीशीटर (एचएस)भी है। दोनों ही आरोपियों के खिलाफ जयपुर समिति बूंदी में 41 आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

भजन संध्या आज

कोटा। स्व.श्री लालचंद शिमला देवी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 4 जुलाई शुक्रवार 2025 को रात्रि 8.00 बजे से श्री श्याम कृपा महोत्सव के अंतर्गत विशाल श्याम भजन संध्या का आयोजन गीता सत्संग भवन, सरोवर रोड़ कोटा पर किया जाएगा। आयोजक कमल किशोर अग्रवाल ने बताया कि माताजी स्व.श्रीमती शिमला देवी अग्रवाल की पुण्यतिथि पर बाबा श्याम का गुणगान करने बांदीकुई से आंचल अरोड़ा, देई (बूंदी) से राजेन्द्र अग्रवाल पधार रहे है, साथ ही स्थानीय भजन गायक चंद्रमोहन गर्ग, राजेन्द्र पारीक, भंवर बना, आकाश मालकानी, शुभम शर्मा, राहुल दुबे, दीप अग्रवाल, उन्नति शर्मा, निहारिका सोनी तथा रिद्धि भरावा भी बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। श्री श्याम मित्र मंडल संस्था के सान्निध्य में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। संस्था के अध्यक्ष सुरेन्द्र गोयल ने बताया कि बाबा श्याम का श्रृंगार दिल्ली और कोलकाता के फूलों से किया जाएगा। बाबा श्याम की अखंड ज्योति जलाई जाएगी। पहले यह कार्यक्रम तिरुपति बालाजी पर होना था, लेकिन बरसात के मौसम को देखते हुए गीता भवन सत्संग हॉल में यह भजन संध्या आयोजित की जाएगी।

शतरंज प्रतियोगिता 5 जुलाई से

कोटा। जिला शतरंज संघ कोटा द्वारा आयोजित जिला अण्डर-13-15 (ओपन व गर्ल्स) शतरंज प्रतियोगिता 5 व 6 जुलाई को वृंदावन होम स्टे सीपी-22 विवेकानंद नगर कोटा में आयोजित की जाएगी। अण्डर-13 वर्ग की प्रतियोगिता 5 जुलाई व अण्डर-15 की प्रतियोगिता 6 जुलाई को आयोजित की जाएगी। कोटा शतरंज संघ के अध्यक्ष प्रेम भाटिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता का पहला राउण्ड दोपहर 2 बजे से खेला जाएगा। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय स्विस पद्धति के आधार पर खेली जाएगी।

कानून व्यवस्था रखने के लिए ली बैठक

जयपुर। कोटखावदा पुलिस ने आगामी त्योहारों और पर्वों को देखते ही सामाजिक समरसता कायम रखने के लिए शांति समिति व सीएलजी सदस्यों की बैठक ली।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण आईपीएस दिगत आनंद ने बताया कि गुरु पूर्णिमा,कांवड यात्रा,ताजिया जैसे त्योहारों को मध्यनजर रखते हुए कानून व्यवस्था व सामाजिक सौहार्द कायम रखने के लिए सभी थाना अधिकारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में शांति समिति, सीएलजी, पुलिस मित्र, सूरक्षा सखी, ग्राम रक्षक सदस्यों की बैठक आयोजित कर क्षेत्र की कानून व्यवस्था कायम रखने के निर्देश दिए गए है। इस बैठक में ललित शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त जयपुर दक्षिण के निर्देशन व सुरेंद्र सिह सहायक पुलिस आयुक्त चाकसू जयपुर दक्षिण के मार्गदर्शन में थानाधिकारी कोटखावदा भरत महर शामिल हुए।

बैठक में दिगत आनंद ने कहा कि आगामी त्योहारों के मध्यनजर सामाजिक समरसता व सामाजिक सौहार्द कायम रखा जाए। उन्होने सभी से अपील की कि असामाजिक लोग किसी भी तरह से कानून व्यवस्था व सामाजिक सौहार्द भंग ना कर पाए। यदि किसी भी प्रकार की पुलिस को सूचना मिलती है तो तुरंत प्रभाव से कार्यवाही की जाए।

आई.पी.एस. राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस महानिदेशक का कार्यभार संभाला

जयपुर। राजस्थान पुलिस को एक अनुभवी और निष्ठावान नेतृत्व मिला जब वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार शर्मा ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद का कार्यभार औपचारिक रूप से ग्रहण किया।

जयपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित समारोह में शर्मा ने निवर्तमान डीजीपी से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उच्च पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

आज शाम पुलिस मुख्यालय पहुंचे शर्मा का डीजी इंटेलिजेंस संजय अग्रवाल सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान उन्हें पुलिसकर्मियों के दल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। शर्मा ने परेड का निरीक्षण किया और मौजूद समस्त पुलिस अधिकारियों का परिचय लिया। इसके बाद उन्होंने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया और मीडियाकर्मियों से संवाद किया।

महानिदेशक पुलिस शर्मा मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और राज्य सरकार द्वारा उन पर जताए गए

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार शर्मा ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद का कार्यभार औपचारिक रूप से ग्रहण किया।

- महानिदेशक पुलिस शर्मा ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व राज्य सरकार द्वारा उन पर जताए गए विश्वास के प्रति आभार व्यक्त किया

विश्वास के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर नागरिक को पुलिस सेवाएँ उनके थाने पर ही सुलभ हो। पुलिसकर्मियों का व्यवहार अच्छा हो। पुलिस से आम जनता की अपेक्षाएं पूर्ण हो इसके लिए राजस्थान पुलिस टीम को पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करना हो। उन्होंने कहा कि पुलिस से संबंधित कार्यों में हम आधुनिक तकनीक का भरपूर उपयोग करेंगे ताकि अपराधों की रोकथाम और जाँच प्रभावी ढंग से हो सके। जनता की सुरक्षा और गरिमा हमारी प्राथमिकता है और इसमें हम जनभागीदारी को सर्वोच्च महत्त्व देंगे।

डीजीपी शर्मा ने कहा कि हमारे पुलिसकर्मी जवान जो दिन-रात आपकी सेवा में तत्पर रहते हैं, उनके कल्याण और बेहतरी का भी हम पूरा ध्यान रखेंगे। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप नए आपराधिक कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है और इसके सकारात्मक परिणाम दिख रहे हैं। इस दौरान शर्मा ने पुलिस अधिकारियों की एक संक्षिप्त बैठक ली और चर्चा की। इस अवसर पर महानिदेशक पुलिस संजय अग्रवाल, अनिल पालीवाल, मालिनी अग्रवाल, अशोक राठौर,आनंद श्रीवास्तव, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल, बिपिन कुमार पाण्डेय, सचिन मित्तल, दिनेश एमएन, जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ, वीके सिंह, संजीव नार्जरी, बिनीता ठाकुर, प्रशाखा माथुर, हवा सिंह घुमरिया, बीएल मीना, लता मनोज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

34 वर्षों की सुदीर्घ सेवा का अनुभव लिए शर्मा 1990 बैच के राजस्थान कैडर के अधिकारी हैं। वे मथुरा (उत्तर प्रदेश) के मूल निवासी हैं। एम.ए. व एम.फिल डिग्रीधारी शर्मा का पुलिस सेवा में अनुशासन, कार्यकुशलता और नेतृत्व क्षमता के लिए विशेष सम्मान रहा है। राजस्थान में उन्होंने एसपी, आईजी, एसीबी निदेशक, लॉ एंड ऑर्डर प्रमुख और पुलिस अकादमी के निदेशक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सेवा दी है।

बुजुर्ग ने की आत्महत्या

जयपुर। शिवदासपुरा इलाके में ट्रेन के आगे एक बुजुर्ग ने छलांग लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जानकरी में सामने आया कि बुजुर्ग व्यक्ति ने पहले रेलवे फाटक के पास अपनी बाइक खड़ी की और फिर इसके बाद ट्रेन के आते ही उसके सामने छलांग लगा दी। करीब 500 मीटर दूरी तक शव के टुकड़े बिखर गए। सूचना मिलने पर जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शव को सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने बताया कि टोंक के मालपुरा हाल प्रताप नगर जगतपुरा निवासी रामअवतार जैन (72) ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर आत्महत्या की। जो पिछले दो साल से यहां परिवार सहित रह रहे थे। पुलिस जांच में सामने आया कि रामअवतार जैन अपनी लूना (दुपहिया वाहन) लेकर घर से निकले थे और शिवदासपुरा के मलवा रेलवे फाटक पहुंचे। जहां रेलवे फाटक के पास अपनी लूना को खड़ी की और कुछ देर में ही ट्रेन के आते ही उसके सामने छलांग लगा दी। ट्रेन की टक्कर लगने से शव के टुकड़े होकर ट्रैक पर बिखर गए। शिवदासपुरा थाना पुलिस आत्महत्या की सूचना पर मौके पर पहुंची।

आम-सूचना दी राजलक्ष्मी महिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक. लि. के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि बैंक की 30वीं वार्षिक साधारण आम सभा (2024-25) दिनांक 27-07-2025, रविवार को स्थान: गोल्डन टियुलिप, GPO के सामने, एम.आई. रोड, जयपुर-302001 में प्रातः 11:00 बजे आयोजित की जा रही है आप सभी सदस्य सादर आमंत्रित है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी

गंगा अपार्टमेंट योजना की वरीयता निर्धारण लॉटरी सफलतापूर्वक सम्पन्न

जयपुर। राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा प्रताप नगर स्थित गंगा अपार्टमेंट (द्वितीय चरण) उच्च आय वर्ग के 80 फ्लैट्स हेतु वरीयता निर्धारण लॉटरी गुरुवार को मण्डल के वृत्त प्रथम, जयपुर कार्यालय में सम्पन्न हुई।

इस लॉटरी कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री प्रतीक श्रीवास्तव द्वारा की गई। उल्लेखनीय है कि दिनांक 12 मई से 11 जून 2025 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। कुल 307 पात्र आवेदकों में से पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से 80 आवेदकों का वरीयता क्रम निर्धारण किया गया है । यह लॉटरी प्रक्रिया मण्डल की स्ववित्त पोषित योजना के तहत संपन्न की गई।

इसी क्रम में, आज मण्डल की गुलमोहर आवासीय योजना, मानसरोवर (स्ववित्त पोषित योजना) के अन्तर्गत उच्च आय वर्ग के 160 फ्लैट्स के लिए वरीयता निर्धारण लॉटरी आयोजित की जाएगी। इस योजना के लिए कुल 348 पात्र आवेदन प्राप्त हुए हैं।

- गुलमोहर योजना की लॉटरी आज होगी आयोजित
- कुल 307 पात्र आवेदकों में से पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से 80 आवेदकों का वरीयता क्रम निर्धारण किया

राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी प्रक्रियाएं पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न हों, जिससे आमजन को किफायती, सुनियोजित एवं गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराया जा सके।

फरार पचास हजार रुपये का इनामी निलम्बित आरएसी कांस्टेबल गिरफ्तार

जयपुर। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 से सम्बन्धित दर्ज प्रकरण में फरार पचास हजार रुपये का इनामी निलम्बित आरएसी कांस्टेबल को गिरफ्तार किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी ने कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 से सम्बन्धित दर्ज प्रकरण में फरार पचास हजार रुपये का इनामी निलम्बित आरएसी कांस्टेबल शिवसिंह (43) निवासी सीकर हाल निलम्बित कांस्टेबल बी कम्पनी दसवीं बटालियन आरएसी बीकानेर को गिरफ्तार किया है।

जहां जांच में सामने आया कि आरोपित आरएसी कांस्टेबल शिव सिंह ने पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 की लिखित परीक्षा से पूर्व प्रकरण में सह आरोपित संदीप कुमार लाटा से अभ्यर्थी सुरेन्द्र कुमार बगडीया

एवं रविन्द्र सिंह को लीक प्रश्न उतर उपलब्ध करवाने के लिए भारी धनराशि में सौदा किया। जिस पर तय सौदे अनुसार आरोपित संदीप कुमार लाटा द्वारा शिव सिंह से धनराशि प्राप्त कर रविन्द्र सिंह के मार्फत शिवसिंह को लीक प्रश्न उत्तर उपलब्ध कराये गये। जिसे शिव सिंह द्वारा अन्य आरोपित सुरेंद्र कुमार बगडीया को परीक्षा पूर्व उपलब्ध करवाया गया। वहीं रविन्द्रसिंह को संदीप कुमार लाटा द्वारा परीक्षा पूर्व अपने आवासीय क्वार्टर उदयपुर में प्रश्न उत्तर पढ़ाये गये। जिसे पढकर

- उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 से सम्बन्धित दर्ज प्रकरण में फरार पचास हजार रुपये का इनामी निलम्बित आरएसी कांस्टेबल को गिरफ्तार किया

सुरेन्द्र कुमार बगडीया का अंतिम रूप से पुलिस उप निरीक्षक प्रशिक्षु के पद पर मेरिट क्रमांक 03 पर चयन हुआ।आरोपी शिवसिंह के विरूद्ध जुर्म प्रमाणित पाया जाने पर शिवसिंह की तलाश करवाई गई।

पुलिस अधीक्षक एसओजी द्वारा उसकी सूचना देने एवं गिरफ्तारी के सम्बन्ध में 50 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई। शिव सिंह की लम्बे समय से एसओजी द्वारा तलाश की जा रही थी । जिसे गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकरण में अब तक 111 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

मिलने के बहाने टोंक से जयपुर बुलाकर युवती से दुष्कर्म

जयपुर। सिंधी कैंप थाना इलाके के एक होटल में मिलने के बहाने एक युवती से दुष्कर्म होने का मामला सामने आया है। पीडिता आरोप है कि आरोपित युवक ने दोस्ती के बाद मिलने के बहाने टोंक से जयपुर बुलाया था। विरोध करने पर शादी करने का झांसा देकर देहशोषण करता रहा। इस संबंध में पीड़िता ने थाने में आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार टोंक की रहने वाली 32 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात एक युवक से हुई थी। इस पर आरोपित ने कुछ समय पहले मिलने के बहाने जयपुर सिंधी कैंप बुलाया। जहां वह उसे एक होटल में लेकर गया और फिर होटल के कमरे में उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर शादी करने का का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद से आरोपित शादी करने का झांसा देकर कुछ दिनों पहले उसको वापस सिंधी कैंप इलाके में स्थित दूसरी होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। जब पीडिता ने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपित फरार हो गया और फोन उठाना भी बंद कर दिया। इसके बाद पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया।

सार्वजनिक नोटिस /सूचना
(राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा 60 एवं नियम 2003 के नियम 79)
क्रमांक-1043-47 दिनांक-1/7/2025
राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा 58 के अन्तर्गत रामलाल मीणा बनाम हथरोईगढ़ी जीएनएसएस जरिये समापक व अन्य तीन के विरूद्ध समिति की आवासीय योजना नरसी विहार, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर, भूखण्ड सं. 30, क्षेत्रफल 200 वर्गगज के संबंध में अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में एक वाद विचाराधीन है। अतः जरिये सार्वजनिक नोटिस प्रतिवादीगण/ हितबद्ध व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद प्रकरण में नोटिस प्रकाशन के 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब / पक्ष/साक्ष्य / दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा पत्रावली मे उपलब्ध रिकॉर्ड / दस्तावेज के आधार एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाकर निर्णय कर दिया जायेगा। सूचित रहे।
(हरप्रीत कौर) पंच निर्णायक एवं उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, जयपुर (शहर)

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:5147 जाहिर आम-सूचना दिनांक:01.07.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में फ्लैट संख्या 26/A1/103 (1-F) (EWS) (एरिया 11.480 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती गायत्री सोनी पत्नी श्री घनश्याम सोनी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 349 दिनांक 16.04.2025 को जारी किया गया। श्रीमती गायत्री सोनी की मृत्यु दिनांक 04.05.2025 को हो जाने के कारण अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर श्री राज मंगनानी पुत्र स्व. श्री तोता राम मंगनानी द्वारा उक्त फ्लैट को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री राज मंगनानी पुत्र स्व. श्री तोता राम मंगनानी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना
मेरा अभिभाव्य नासिर कोलोनाइजर्स एण्ड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से, इसके जनरल मैनेजर श्री नासिर खान पुत्र श्री फकीर मोहम्मद, निवासी-प्लाट नं. 277, केसर वाटिका, रकी-नागोरियान, जगतपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान में रहता है। ग्राम खेरावल, तहसील दौसा, जिला दौसा में स्थित भूमि पर विकसित आवासीय योजना अर्थात पारस नगर (पारस शहर)-भूखंड संख्या 474, माप 45x37.6 फीट (187.5 वर्गगज), भूखंड संख्या 475 से 516, प्रत्येक माप 20x45 फीट (प्रत्येक 100 वर्गगज, कुल माप 4200 वर्गगज) और भूखंड संख्या 517 माप 45x37.6 फीट (187.5 वर्गगज) जो कि उपर्युक्त सभी 44 भूखंड, कुल माप 4575 वर्गगज है। जिसका मेरा अभिभाव्य कार्विज दाखिल, मालिक, स्वामी है। इसी अनुक्रम में मेरे अभिभाव्य ने आप प्रविती हरून खान पुत्र श्री नय्यूम खान निवासी पाटिया की ढाणी, सीडलिंग कॉलेज के सामने, खो-नागोरियन, जगतपुरा, जयपुर, राजस्थान को उपरोक्त वर्णित प्लॉट्स का बेचान जरिये विक्रय पत्र दिनांक 09.12.2024 को किया था। जिसके चलते मेरे अभिभाव्य ने आपको प्लॉट संख्या 480, 481, 482, 509, 510 और 511 का आवंटन पत्र दिया है (प्रत्येक प्लॉट का माप 100 वर्ग गज है, जिसका कुल माप 600 वर्गगज)। विक्रय विलेख दिनांकित 09.12.2024 के अनुसार, आपको विलेख की तिथि से 6 महीने की अवधि के भीतर पूर्ण प्रतिफल राशि का भुगतान करना अपेक्षित था, परंतु आज दिन तक आप प्रविती ने पूर्ण प्रतिफल का भुगतान नहीं किया है। इसी संदर्भ में मेरे अभिभाव्य ने दिनांक 24.06.2025 को जरिए अधिवक्ता एक कानूनी नोटिस भिजवाया था। जिसका आज दिनांक तक आपके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया है। दिनांक 09.12.2024 का विक्रय विलेख निरस्त माना जाएगा तथा भूखंड संख्या 480, 481, 482, 509, 510, 511 का आवंटन पत्र निरस्त माने जायेंगे। यदि आप प्रविती द्वारा उक्त तथा भूखंड संख्या 480, 481, 482, 509, 510, 511 के आवंटन पत्र को किसी अन्य व्यक्ति, फर्म, संस्थान व कंपनी के साथ किसी भी प्रकार का कोई सौदा किया जाता है तो वह भी शुनीकरण माना जायेगा तथायदि विक्रय-विलेख एवं उक्त भूखंडों के आवंटन पत्र का दुरुपयोग करना निषेध है। सूचित रहे।
भवदीय
(अनिल मोहता) एडवोकेट, मो. 9314021355

कार्यालय नगर निगम जयपुर हैरिटेज
(पुराना पुलिस मुख्यालय, हवामहल के पीछे, बड़ी चौपड, जयपुर) (लैण्ड प्रकोष्ठ)
क्रमांक:-एफ-6( )उपा.लैण्ड/सा.प्र.)/नजि./2025/470
सार्वजनिक सूचना दिनांक- 1.07.25
मूल भूखण्ड संख्या 1-बी-1, नाहरी का नाका (पूर्व), जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा श्रीमती मनोरमा देवी के नाम से क्षेत्रफल 201.86 वर्गमीटर का आवंटन किया गया था। श्रीमती मनोरमा देवी की मृत्यु उपरान्त आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र, माननीय न्यायालय में चले पत्रावली संख्या 1116/88 की छायाप्रति, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम जयपुर हैरिटेज द्वारा श्री अरविन्द खेतान पुत्र श्री बजरंग लाल खेतान के पक्ष में क्षेत्रफल 201.86 वर्गमीटर का नाम हस्तांतरण एवं पट्टा जारी किया जाना है। इस नाम हस्तांतरण एवं पट्टा जारी किये जाने बाबत् किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त लैण्ड) में प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तांतरण एवं पट्टा जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
(हंसा मीणा)
उपायुक्त (लैण्ड) नगर निगम जयपुर हैरिटेज

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाव्यगण अजीज बानो पत्नी शौकत अली टांक, आसिफ अली टांक एवं आफताब टांक पुत्रान शौकत अली टांक, निवासीगण डी- 33, सरस्वती मार्ग, बनीपार्क, जयपुर, अन्य पता- 414, पार्क स्ट्रीट, संजय नगर बी, झोटवाड़ा, जयपुर के पति/ पिता शौकत अली टांक पुत्र गन्नी खा टांक, जो कि पिछले 28-30 वर्षों से मानसिक रूप से विकृत हैं, जिनका ईलाज चल रहा है, जो कि अपना भला-बुरा सोचने में तथा कोई भी निर्णय लेने में विधिक रूप से असमर्थ हैं, के द्वारा स्वयं अर्जित की हुई तथा जरिए विरासतन, भाई- बंटवारे/ पारिवारिक बंटवारे या किसी अन्य प्रकार से मिली हुई चल- अचल सम्पत्ति, जो कि नोहर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जयपुर एवं अन्यत्र स्थित हों, उनके सम्बन्ध में मेरे अभिभाव्यगण के पति/ पिता शौकत अली टांक द्वारा किसी भी प्रकार का कोई इकरारनामा/ अनुबंध पत्र/ विक्रय पत्र अथवा सम्पत्ति हस्तान्तरण के संबंध में दस्तावेज निष्पादित किया हुआ पाया गया, तो वह शून्य, निष्प्रभावी एवं अविधिक समझा जाएगा। भविष्य में मेरे अभिभाव्यगण की सहमति के बिना यदि कोई भी करार, अनुबंध, विक्रय पत्र निष्पादित किया जाता है, तो वह शून्य व निष्प्रभावी होगा। उपरोक्त स्थानों की चल-अचल सम्पत्तियों के सम्बन्ध में कोई भी तकाशमा/ बंटवारा नहीं हुआ है। इसलिए शौकत अली टांक पुत्र गन्नी खां टांक की चल एवं अचल सम्पत्ति के बेचान/ हस्तान्तरण बाबत कोई भी व्यक्ति कोई कार्यवाही अमल में ना लावे और किसी भी अन्य व्यक्ति, संस्था, समिति से कोई भी लेनदेन, संविदा, संव्यवहार इकरार, विक्रय, ऋणभार, बंधक आदि ना करे और ना करावे, अन्यथा उसके लिए वे व्यक्ति/ संस्था स्वयं जिम्मेदार होगें और उनके विरूद्ध फौजदारी व सिविल कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
प्रमोद शर्मा (गौतम) एडवोकेट, मो. 9672977465
32/66, स्वर्णपथ, मानसरोवर, जयपुर (राज.)

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर : DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/407
चूंकि प्रार्थी श्री Rajesh Sharma, Nagar Palika Ke Pass Bagru, Bagru, Jaipur, Rajasthan 303007 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यासी श्री शिवराज गोपाल चैरीटेबल ट्रस्ट, नगरपालिका के पास, बस स्टैंड,बगरू, बगरू, जयपुर, राजस्थान के संबंध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत शक्तियों के प्रयोग में प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 24-06-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 29-08-2025
सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

पति की गैरमौजूदगी आए परिचित ने किया विवाहिता से दुष्कर्म

जयपुर। करधनी थाना इलाके में परिचित युवक द्वारा विवाहिता से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपित पति की गैरमौजूदगी में घर आया और फिर बहकावे में लेकर दुष्कर्म किया। पीडिता का आरोप है कि देह शोषण का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि कालवाड़ रोड की रहने एक विवाहिता ने मामला दर्ज करवाया था कि परिचित होने के कारण आरोपित से उसकी बातचीत थी। इसके साथ ही उसका घर पर आना-जाना भी था। आरोप है कि कुछ समय पहले आरोपित परिचित किसी काम के बहाने उसके घर आया। पति की गैरमौजूदगी में बातचीत कर बहकावे में लेकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

पुराने नोट के बदले नए नोट दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाला ठग गिरफ्तार

जयपुर। सिंधी कैम्प थाना पुलिस ने पुराने नोट के बदले नए नोट दिलवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपित पुजा-सट्टा खेलने का आदि है और अपने शौक पूरा करने के लिए वो ठगी की वारदातों को अंजाम देता है। पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है। संभावना जताई जा रही है कि गिरफ्तार आरोपित से अन्य ठगी की वारदातों का खुलासा हो सकता है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम आलोक सिंघल ने बताया कि सिंधी कैम्प थाना पुलिस ने पुराने नोट के बदले नए नोट दिलवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले शातिर ठग अब्दुल रजाक उर्फ रज्जू निवासी मंडावरी जिला दौसा हाल गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार किया है और साथ ही ठगी की रकम भी बरामद की है।

कनिष्ठ अभियंता धन्नाराम व ठेकेदार रामकुंवार गुर्जर एवंमहिपाल डुडी को छह हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया ।

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपित अब्दुल रजाक उर्फ रज्जू बहुत शातिर किस्त का ठग है। जिसके खिलाफ कई मामले दर्ज है।

राष्ट्रीय लोकदल की राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

जयपुर। राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) ने गुरुवार को राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। जयपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जोगिंदर सिंह अवाना ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी का गठन आगामी 11 जुलाई को जयपुर के बिड़ला सभागार में होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

कार्यकारिणी की सूची पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री त्रिलोक त्यागी द्वारा जारी की गई, जिसमें 5 उपाध्यक्ष, 14 महासचिव समेत 20 सचिव की नियुक्ति की है । प्रदेश अध्यक्ष अवाना ने बताया कि यह एक संक्षिप्त कार्यकारिणी है। जल्द ही इसका विस्तार कर जिलाध्यक्षों व विधानसभा अध्यक्षों की भी घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान का क्षेत्रफल बड़ा है और इसमें 41 जिले हैं, इसलिए पार्टी संगठन को हर स्तर पर मजबूत करने की दिशा में यह पहला कदम है। अवाना ने कहा कि यह कार्यकारिणी केवल शुरुआत है। जल्द ही पूरे राज्य में सांगठनिक जाल को फैलाते हुए जिलाध्यक्षों, विधानसभा अध्यक्षों, एवं विभिन्न मोर्चों के प्रमुखों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा यह कार्यकारिणी उस जन-आधारित राजनीति की शुरुआत है, जिसकी ज़रूरत आज राजस्थान को है।

अवाना ने बताया कि आगामी 11 जुलाई को जयपुर के बिड़ला सभागार में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में इस नई कार्यकारिणी को ज़मीनी कार्यकर्ताओं के सामने पेश किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री श्री जयंत चौधरी स्वयं मौजूद रहेंगे।

यह सम्मेलन न केवल की संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन होगा, बल्कि राज्य